दिन– मंगलवार

दिनांक– 11/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा की कार्यवाही का अब मैथिली सहित अन्य छह भारतीय भाषाओं में रूपांतरण किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में की घोषणा।

02. केंद्र सरकार ने कहा – प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अब तक सात लाख बहत्तर हजार किलोमीटर सड़कें बनाई जा चुकी है।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्टेडियम का निर्माण कराये जाने की घोषणा की।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कैमूर और बक्सर में पिछले दो दिनों से बनी हुई है भीषण जाम की स्थिति।

---

लोकसभा की कार्यवाही का अब मैथिली सहित अन्य छह भारतीय भाषाओं में रूपांतरण किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सदन की कार्यवाही के दौरान ये घोषणा की।

–––बाइट––––

इधर, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर और मधुबनी के सांसद अशोक यादव समेत मिथिला के विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के सांसदों ने इस घोषणा का स्वागत किया है। दरभंगा सांसद श्री ठाकुर ने कहा कि इस पहल से मैथिली भाषा को एक नई पहचान मिलेगी।

–––बाइट–––

---

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सरकार को कम से कम समय में भारतीय संविधान की प्रतियां बाजार और अन्य सभी स्थानों पर मूल चित्रों के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अब तक सात लाख बहत्तर हजार किलोमीटर सड़कें बनाई जा चुकी है। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इस योजना से ग्रामीण इलाकों में सड़क संपर्क बढ़ा है।

———बाइट———

इस योजना के अंतर्गत अब तक सात लाख 72 हजार किलोमीटर की सड़कें बनाई गई हैं और एक लाख 63 हजार बसौटों को इससे जोड़ा गया है। अध्यक्ष महोदय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ये संकल्प लिया है कि जो बची हुई सड़कें छुट गई हैं, चाहे फेज़–1 हो, चाहे फेज़–2,3 के अपडेशन का हो, चाहे फेज़–4 जो हम लोग नया लेकर आए हैं, जिसमें हमने ये संकल्प लिया है कि 25 हजार नई बसौटों को हम नई कनेक्टिविटी देने का काम करेंगे।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है किसानों को दी गई मजबूत वित्तीय और तकनीकी सहायता से भारत मछली उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने यह बात कही।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जब से सरकार बनी तबसे लगभग 126 प्रतिशत की वृद्धि हुई है मछली के उत्पादन में। देश में, विश्व में मछली उत्पादन में दूसरे स्थान पर खड़ा है। 2013–14 में 95.7 लाख टन मछली का उत्पादन इस देश में होता था और 2023–24 में 184.02 लाख टन मछली का उत्पादन हुआ है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की घोषणा की है। आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान श्री कुमार ने जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्टेडियम के निर्माण समेत कई अन्य घोषणाएं की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जिले में पांच सौ चौवन करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ पंचानवे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि जीविका के गठन के बाद से महिलाओं के जीवन में व्यापक बदलाव हुआ है।

———बाइट———

———————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज गया स्थित दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एकात्म मानव दर्शन का सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

---

दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित भारत विकास और संजय आनंद विकलांग अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर से जुड़े समाजसेवियों का आज विधानसभा ऑडिटोरियम में सम्मान किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अस्पताल के संस्थापक सुनील आनंद और अनुपमा आनंद को सम्मानित किया।

---

और अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

कल माघी पूर्णिमा पर होने वाले अमृत स्नान से पहले प्रयागराज महाकुंभ में तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवधि के दौरान कल्पवासी संगम के घाटों के पास अस्थायी आवास में रहते हैं। इस वर्ष महाकुंभ में दस लाख से अधिक लोगों ने कल्पवास किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने और प्रभावी यातायात प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

माघ मास के दौरान प्रयागराज के संगम के तट पर कल्पवास करने से सहस्त्र वर्षों के तप का फल मिलता है। परंपरा के अनुसार सभी कल्पवासी विधिपूर्वक पूर्णिमा के दिन संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थायी आवास त्यागकर पुनरू अपने घर की ओर लौटेंगे। आज सुबह 4रू00 बजे से पूरे मेला क्षेत्र में निजी गाडियों का आना–जाना वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त आज शाम 5रू00 बजे से श्नो व्हीकल जोनश निर्देश का पूरे प्रयागराज शहर में लागू होगी। इस अवधि के दौरान केवल आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। यह विशेष यातायात योजना कल माघी पूर्णिमा स्नान के समापन तक प्रभावी रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक विशेष समीक्षा बैठक की थी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूदा व्यवस्थाओं का आंकलन किया। अधिकारियों को अतिरिक्त विशेष मेला ट्रेनों और परिवहन निगम की बसों को तैनात करके प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड को रोकने की भी निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार के लिए प्रयागराज से आदर्श।

---

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में आम लोगों के लिए की गई व्यवस्थाएं अद्वितीय हैं। प्रयागराज में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र को इसके लिए धन्यवाद दिया।

———बाइट———

इधर, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गयी है।

———बाइट———

उत्तर रेलवे ने बताया है कि प्रयागराज के महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज तिरानवे से अधिक रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। कल तीन सौ चौंतीस रेलगाडियां चलाई गईं थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर ने बताया है कि प्रयागराज के सभी आठ स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से ट्रेन रद्द होने से संबंधित अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

———————————————————

माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कैमूर और बक्सर में पिछले दो दिनों से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

कैमूर के रास्ते से बिहार से उत्तर प्रदेश जाने वाले सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इसके चलते एनएच–उन्नीस पर लगभग पंद्रह किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। वहीं, बक्सर में गंगा सेतु पर भी दो दिनों से लंबा जाम लगा हुआ है। गंगा पुल से लेकर भोजपी की सीमा तक एनएच–नौ सौ बाईस पर चालीस किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से मैं श्रीकांत पांडेय।

हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रयागराज जाने वाली रेलगाड़ियों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। मधुबनी रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर लोगों ने पथराव कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसी बोगी में नहीं घुसने देने पर कुंभ जाने वाले लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव किया। इस घटना में कई यात्रियों को चोट आई है। जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली पवन एक्सप्रेस का रूट बदले जाने के कारण समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर भी कुछ देर के लिए अफरा–तफरी की स्थिति बनी रही। इस ट्रेन का आज प्रयागराज के रास्ते परिचालन नहीं किया जा रहा है।

———————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकांश हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक बताया कि अगले

चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी की संभावना है। इसके बाद अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का अपने पैतृक जिले गोपालगंज पुहंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने उनका स्वागत किया। बाद में मुकेश कुमार क्रिकेट को लेकर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भी शामिल हुए।

---

मुजफ्फरपुर के सरैया थाने में पदस्थापित दारोगा रौशन सिंह को निगरानी की टीम ने पचहत्तर हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी करजा थाना क्षेत्र स्थित मड़वन उच्च विद्यालय के पास से हुई है। गिरफ्तार दारोगा शिकायतकर्ता से एक मामले के निष्पादन के एवज में घूस ले रहा था।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियारों की खरीद–फरोख्त करने के मामले में ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन पिस्तौल, छह मैगजीन, तेरह मोबाईल फोन और एक चार पहिया तथा दो पहिया वाहन बरामद किया गया।

---

कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास एक ऑटो रिक्शा ट्रक से टकरा गयी। हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बलथरी चेकपोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से सत्रह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार

किया है। इधर, किशगंज रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन से आरपीएफ की टीम ने दस किलो गांजा बरामद की है।

---

सुपौल पुलिस ने पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी उपदेश यादव को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार भी बरामद किये गए।

---

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने हथियारों के साथ तेरह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सौ चौवन कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किया है। नानपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. लोकसभा की कार्यवाही का अब मैथिली सहित अन्य छह भारतीय भाषाओं में रूपांतरण किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में की घोषणा।

02. केंद्र सरकार ने कहा – प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अब तक सात लाख बहत्तर हजार किलोमीटर सड़कें बनाई जा चुकी है।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्टेडियम का निर्माण कराये जाने की घोषणा की।

04. और, माघी पूर्णिमा पर प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण कैमूर और बक्सर में पिछले दो दिनों से बनी हुई है भीषण जाम की स्थिति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।